



## एक नजर में

### गोल्डन ऑवर में सहायता, सम्मान और 25 हजार का पुरस्कार, वीडियो नहीं, जीवन बचाएँ, राहवीर योजना से बनें सच्चे नायक



**आलीराजपुर।** पुलिस अधीक्षक रघुवंशसिंह के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल के मार्गदर्शन में आज दिनांक 23 दिसंबर 2025 को जिला आलीराजपुर के थाना आम्बुआ, जोबट एवं उदयगढ़ क्षेत्र के हाट बाजारों में एकत्रित ग्रामीणजनों के बीच यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने एवं सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को समझाने हेतु विशेष नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय भाषा, लोकगीत, नृत्य एवं नाटक के माध्यम से आमजन को सुरक्षित वाहन संचालन, सड़क पर सुगम आवागमन तथा यातायात नियमों के पालन के व्यावहारिक गुर सिखाए गए। पुलिस द्वारा 'चालान नहीं, हेलमेट चाहिए' अभियान के तहत दोपहिया वाहन चालकों को सदैव हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शासन की महत्वपूर्ण हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकार योजना की जानकारी नुक्कड़ नृत्य के माध्यम से दी गई। साथ ही एक अन्य विशेष राहवीर योजना के संबंध में बताया गया कि सड़क दुर्घटना होने पर घायल की सहायता करना अत्यंत आवश्यक है। आमतौर पर लोग सहायता के बजाय वीडियो बनाने में व्यस्त हो जाते हैं, जिससे पीड़ित को समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती। पुलिस ने बताया कि राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायलों को गोल्डन ऑवर में चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाने वाले व्यक्ति को शासन द्वारा ?25,000 की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में आम्बुआ, जोबट एवं उदयगढ़ थाना पुलिस का स्टाफ उपस्थित रहा।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई की



**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार की तरह जनसुनवाई का आयोजन जनसुनवाई कक्ष में किया। जनसुनवाई के दौरान झेतु वसुनिया पिता वेस्ता वसुनिया निवासी ग्राम मायावाट काकड खेलिया फलिया तहसील चंद्र शेखर आजाद नगर ने आवेदन दिया कि मुझ आवेदक के पुत्र की मृत्यु कुछ साल पहले हो गयी थी तथा उसकी मृत्यु उपरान्त उसकी पत्नि भी घर छोड़कर चली गई थी। उनके तीनो बच्चों का संरक्षक होकर मेरे द्वारा उनका पालन पोषण किया जा रहा है। तीनो बच्चे शासकिय प्राथमिक विद्यालय मायावाट में अध्ययनरत है। पिता की मृत्यु हो जाने के कारण बच्चो का आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है। जिससे समस्त शासकिय कार्य में बाधा आ रही है। बच?चों का भविष्य देखते हुए उनके अधार कार्ड बनवाये जाए। उक्त आवेदन को लोक सेवा प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त आवेदन को गंभीरता से लेकर बुजूर्ग व्यक्ति को समस्त कागजी कार्यवाही में सहायता जल्द से जल्द बच्चों के आधार कार्ड बनवाए। इस दौरान मुख?यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रखर सिंह, संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी तपीश पांडे सहीत समस?त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### पेटलावद में विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी का शंखनाद, ध्वज यात्रा व वेद मंत्रोच्चार के साथ कार्यालय का भव्य शुभारंभ



**पेटलावद।** नगर में प्रस्तावित विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर मंगलवार को धार्मिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण वातावरण में सम्मेलन कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर गणेश जी की आरती, ध्वज पूजन, भव्य ध्वज यात्रा, भारत माता का पूजन तथा वेद मंत्रोच्चार के साथ जयघोष किया गया। बड़ी संख्या में नगरवासियों, मातृशक्ति, युवाओं एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। शुभारंभ अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा भगवान श्रीराम की स्तुति कर हिंदू समाज की एकता, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के संकल्प को दोहराया। पूरे कार्यक्रम के दौरान धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और संगठनात्मक चेतना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विराट हिंदू सम्मेलन की मुख्य जानकारी देते हुए बताया गया कि—दिनांक: 9 जनवरी को प्रात: 11 बजे से उदय गार्डन मे एकत्रित होना है। इस सम्मेलन में नगर के सभी हिंदू परिवारों को आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता, राष्ट्र निर्माण में भूमिका तथा भावी कार्ययोजना पर विचार किया जाएगा। साथ ही सामूहिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने नगरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में 9 जनवरी को उदय गार्डन पहुंचकर हिंदू एकजुटता, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का परिचय दें और विराट हिंदू सम्मेलन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं।

# अवैध शराब के विरुद्ध झाबुआ पुलिस का 'ऑपरेशन प्रहार'

▶ शराब तस्करी की बड़ी खेप पकड़ी, लगभग पौने दो करोड़ का मशरूका जब्त

**झाबुआ. मंगलवार को थाना कोतवाली झाबुआ पुलिस द्वारा अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को सूचना मिली कि ट्रक क्रमांक MP®9 ॥॥8119 राजकोट गुजरात की ओर अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर वाहन को रोका गया।**

ट्रक की तलाशी में पशु आहार की बोरियों की आड़ में छिपाकर रखी गई अवैध शराब की पेटियां मिलीं। जांच में लंदन प्राइड की 120 पेटियाँ कुल कीमत 18,00,000 रुपये, किंगफिशर बीयर की 217 पेटियाँ कुल कीमत 18,22,500 रुपये, ग्रीन पार्क अंग्रेजी शराब की 300 पेटियाँ कुल कीमत 57,60,000 रुपये तथा रॉयल चैलेंज शराब की 135 पेटियाँ कुल कीमत 25,92,000 रुपये। जिसकी अनुमानित कीमत 1,19,74,500 रुपये है। साथ ही पशु आहार, ट्रक सहित कुल ?1,73,74,500/- का मशरूका जब्त किया गया।



थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 968/2025 धारा 34(2), 36 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

इस उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी आर.सी. भास्करे, उनि अशोक बघेल, सउनि सुरसिंह, प्रआर दिलीप, आर अजीत, आर कैलाश, आर. अनसिंह का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि पिछले 03 माह में अवैश शराब के 175 से अधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है। जिनमें बड़ी कार्रवाई भी शामिल है।



# कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए

**झाबुआ.** आवेदिका मीना पति संग्राम निनामा निवासी ग्राम आंबापाड़ा तहसील पेटलावद द्वारा बताया गया कि ग्राम आंबापाड़ा पंचायत पिटड़ी के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता फर्जी अंकसूची के द्वारा नियुक्ति की जांच कर निरस्त करने एवं प्राथिया की इस पद पर नियुक्ति की जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक ग्रामवासी ग्राम सेमलपाड़ा द्वारा बताया गया कि ग्राम सेमलपाड़ा को औद्योगिक क्लस्टर के लिए चुना गया है औद्योगिक क्लस्टर से हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक श्री बादर पिता अनसिंह भाबोर निवासी वार्ड नं 08 झाबुआ द्वारा बताया गया कि प्रार्थी अपने परिवार सहित कच्चे झोंपड़े में निवास करता है प्रधानमंत्री आवास योजना सूची में नाम दर्ज करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदिका मीरा पति सरदार निवासी ग्राम पिठड़ी तहसील पेटलावद द्वारा बताया गया कि प्रार्थी व परिवार के नाम से ग्राम पिठड़ी में स्थित भूमि सर्वे नंबर 359 जो कि डूब में जा रही है उक्त भूमि के संबंध सभी खातेदारों को मुआवजा प्रदान नहीं करने के संबंध में उचित कार्यवाही करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

> **कलेक्टर द्वारा आवेदक को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई**
>
> आवेदक मनीषा अजय निवासी झाबुआ ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया। कलेक्टर द्वारा आवेदक को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। आवेदक राजु पिता कालिया मकवाना निवासी भीमपुरी तहसील थान्दला एवं आवेदक सुशीला मुकेश निवासी किशनपुरी तहसील झाबुआ ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया।

# धर्मातंरण कराने वालों के खिलाफ एफआईआर

▶ मेघनगर सोमवार रात मेघनगर थाने पर बिगड़ गए थे हालात, मंगलवार को तैनात रहा अतिरिक्त पुलिस बल

**मेघनगर। सोमवार रात मेघनगर थाने पर कंवर्जन के एक मामले के चलते शहर में तनाव फैल गया। फरियादी नुरी बाई नानसिंह निनामा की रिर्पोट पर झायड़ा निवासी रमेष पिता सकरिया वसुनिया और नान सिंह पिता दीता सहित अन्य लोगों पर गाली गलोच धमकी देने सहित धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि ग्राम पिपलीपाड़ा में कुछ लोग प्रार्थना के नाम पर जनजाति समाज के घरों में जा कर कंवर्जन कर रहे थे।**

मामले की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में जनजाति समाज के लोग थाने पर जमा होने लगे। थाने पर जमा हो गये। रात 8 बजे से थाना परिसर में गहमा गहमी शुरू हुई, 10 बजे तक शहर में तनाव फैल गया। थाने पर भीड़ ने उपद्रव कराना शुरू किया तो मौके पर मौजूद एसडीओपी और थाना प्रभारी ने धैर्य रखने की अपील की। इस दौरान कुछ लोगों ने पथ्थरबाजी शुरू कर दी जिससे तनाव बढ़ा गया और साम्प्रदायिक सौहाद्र बिगड़ने लगा। ऐतियातन पुलिस ने जिले से अतिरिक्त बल मंगाया।



> **एसपी को संभालना पड़ा मोर्चा :**
>
> मेघनगर में हुए इस घटनाक्रम की जानकारी जैसे ही वायरलेस सेट पर सुनाई दी वैसे ही एसपी ने आसपास के थानों चैकीयों सहित लाईन के बल को मेघनगर के लिए रवाना किया। क्रिसमस पर्व के पूर्व दो समुदाय के बीच टकराव से जुड़ा मामला होने तथा कानुन व्यवस्था को नियंत्रित करने के उद्देष्य से खुद एसपी षिवदयाल सिंह मौके पर पहुँचे और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल को दिषा निर्देष दिए। रात करीब 2 बजे तक पुलिस के अलग अलग हिस्सों में तैनात के साथ ही संवेदनषील इलाकों में गष्त करती दिखी। फरियादी नान सिंह पिता दीता वसुनिया ने पिपलीपाड़ा के नान सिंह पिता टिहीया निनामा, जय सिंह और अमीत के खिलाफ मारपीट सहित गाली गलौच करने का मामला दर्ज कराया है।

# तनाव मुक्त और संतुलित जीवन की कुंजी है ध्यान : ब्रह्माकुमारी जयंती दीदी

▶ विश्व ध्यान दिवस पर शिव स्मृति भवन पर विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**झाबुआ।** ध्यान जिसे मेडिटेशन भी कहा जाता है। मन और आत्मा को शांत करने की एक प्राचीन विधि है। यह मानसिक, शारीरिक और आत्मिक शांति प्राप्त करने का एक साधन है। ध्यान का उल्लेख भारत की प्राचीन वेद परंपरा में मिलता है, जहां इसे आत्मज्ञान और परम सत्ता के साथ जुड़ने का मार्ग बताया गया है। ध्यान का मूल उद्देश्य मन को स्थिर और शांत बनाना है, ताकि व्यक्ति अपने भीतर छिपी ऊर्जा और शांति का अनुभव कर सके।

उक्त आध्यात्मिक विचार राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी जयंती दीदी ने विश्व ध्यान दिवस पर उपस्थित महान आत्माओं के समक्ष स्थानीय सेवा केंद्र शिव स्मृति भवन में व्यक्त किए। ध्यान के माध्यम से हम अपनी आंतरिक शक्तियों को जागृत कर सकते है। जिससे ना केवल हमारा जीवन स्वस्थ और संतुलित बनता है, बल्कि हम सामूहिक रूप से एक शांतिपूर्ण संवेदनशील और श्रेष्ठ समाज की स्थापना में योगदान दे सकते है। परिवर्तन संसार का नियम है। दुनिया निरंतर परिवर्तनशील है। मेडिटेशन अज्ञानता और अंधकार से ढ़के हुए मानव जीवन में एक नया उजाला लाता है। आज हर व्यक्ति का मन बाहर की दुनिया में भटक रहा है, लेकिन जीवन में आने वाली हर समस्या का समाधान हमारे भीतर ही है। जब मेडिटेशन के माध्यम से हम अंतर्मुख होंगे, तो स्वयं को शांत स्वरूप, प्रकाशवान, तेजस्वी, ऊर्जावान, दिव्य स्वरूप और आत्म स्वरूप में स्थित कर पाएंगे। आज हमें संसार की समझ तो है, लेकिन स्वयं को सत्य स्वरूप में समझना नहीं चाहते है। यदि स्व प्रेरणा की आवश्यकता हो तो अपने संभावनाओं को जानना जरूरी है। राजयोग मेडिटेशन में हम स्वयं और परमात्मा को सत्य स्वरूप में जानने का प्रयास करते हैं.

> **ध्यान मानव जीवन को तनाव, भय और चिंता से मुक्त करता है**
>
> बीके ज्योति दीदी ने जानकारी दी कि ध्यान मानव जीवन को तनाव, भय और चिंता से मुक्त करता है। यह वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर प्रदान करता है। नकारात्मक और हीन भावना को समाप्त करके बुद्धि को रचनात्मक बनाता है। यह श्वास की गति, हृदय की गति और रक्तचाप को नियंत्रित करता है।



# ग्राम नानीबडोई स्थित कन्या परिसर का औचक निरीक्षण किया

**आलीराजपुर।** अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे द्वारा ग्राम नानी बडोई स्थित कन्या परिसर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान श्री पांडे द्वारा छात्राओं से संवाद कर शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्रित की। श्री पांडे द्वारा निरीक्षण में पाया की भोजन स्वादिष्ट एवं गुणवत?ता युक?त पाया गया। साफ सफाई के साथ साथ छात्राओं का नियमित स?वास?थ?य परीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधीक्षक को निर्देशित किया की नियमित प्रति दिवस स्नान के लिए गर्म पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए साथ पेयजल के लिए अतिरिक्त आरओ वाटर की व्यवस्था की जाए।

**एक नजर में** ▶ **आदिवासी अधिकारों से खिलवाड़ नहीं होने दें : महेश पटेल**

# ज़मीन नीलामी के खिलाफ आदिवासी समाज का जनांदोलन

**आलीराजपुर। आदिवासी समाज की ज़मीन नीलामी के खिलाफ मंगलवार को कुक्षी में एक ऐतिहासिक और निर्णायक जनआंदोलन देखने को मिला। आलीराजपुर जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस आंदोलन में सहभागिता के लिए कुक्षी पहुँचे। आदिवासी समाज के हक-हकूक की रक्षा के लिए उठी इस आवाज़ ने पूरे क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक हलचल पैदा कर दी।**

कुक्षी के विजय स्तंभ चौराहे पर कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में आदिवासी समाज द्वारा विशाल, शांतिपूर्ण एवं प्रभावी धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस जनआंदोलन में ग्रामीण क्षेत्रों से आए आदिवासी समाज के महिला-पुरुष, युवा, बुजुर्ग तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन स्थल पर नारेबाज़ी, तख्तियों और भाषणों के माध्यम से सरकार की नीतियों के प्रति गहरा आक्रोश और एकजुटता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।





धरना-प्रदर्शन में मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री एवं कुक्षी विधायक सुरेंद्रसिंह (हनी) बघेल, आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और सामाजिक नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज की ज़मीन की नीलामी संविधान की मूल भावना, पेसा कानून और आदिवासी अधिकारों का खुला उल्लंघन है। पूर्व मंत्री एवं कुक्षी विधायक श्री सुरेंद्रसिंह (हनी) बघेल ने कहा कि कुक्षी और आसपास का आदिवासी अंचल अपने जल, जंगल और ज़मीन के लिए सदैव संघर्ष करता रहा है और आगे भी करेगा। आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री महेश पटेल ने प्रशासन और सरकार को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि आदिवासी समाज की ज़मीन उसकी पहचान, अस्तित्व और जीवनरेखा है। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की सहमति के बिना लिया गया कोई भी निर्णय आदिवासी समाज स्वीकार नहीं करेगा। यदि सरकार ने ज़मीन नीलामी का निर्णय वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक, संगठित और तीव्र किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी और आदिवासी संगठनों ने शासन-प्रशासन से मांग की कि आदिवासी क्षेत्रों में प्रस्तावित और चल रही सभी ज़मीन नीलामी प्रक्रियाओं को तत्काल निरस्त किया जाए तथा आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों, पर्यावरण संरक्षण और जनजीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।